>

Title**:** Need to construct a railway line linking Bilaspur-Mandla in Chhattisgarh with Jabalpur in Madhya Pradesh.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, छतीसगढ़ एक नया राज्य बना है और दो करोड़ की जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की संख्या लगभग 80-90 लाख है। बिलासपुर मंडला और जबलपुर से रेलवे लाईन का सर्वे वर्ष 1971 में शुरु हुआ था और इतने वर्षों के बाद, अभी सर्वे का काम पूरा हुआ है। उसे प्लानिंग कमीशन के पास भेजा जाये क्योंकि लगभग 125 किलोमीटर नई रेलवे लाईन बिछाने से लाखों लोगों को रोजी-रोटी मिलेगी। लोगों का जीविकोपार्जन होगा। वहां पर कोयला, बाक्साइट और डोलामाइट इत्यादि की खनिज सम्पदा है उससे राज्य सरकार, केन्द्र सरकार और रेलवे विभाग को आमदनी होगी, इस कारण मैं मांग करना चाहता हूं कि बिलासपुर मंडला जबलपुर में नई रेलवे लाईन को अविलंब स्वीकृति प्रदान की जाए।